आकाशवाणी केन्द्र शिमला

17.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

शहरी निकाय चुनाव

प्रदेश में आज 51 शहरी निकाय चुनावों के लिए वोट डाले जा रहे हैं। मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ, जो सायं 3 बजे तक चलेगा। शहरी निकायों में 449 में से 439 पदों के लिए एक हजार एक सौ 47 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें 196 पद महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। शहरी निकाय चुनाव के लिए 3 लाख 60 हजार 859 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि यदि मतदान के दिन मतदाता के पास किसी कारणवश मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो उसके स्थान पर किसान पासबुक, राशनकार्ड, जाति प्रमाण पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस और आधार कार्ड जैसे 17 दस्तावेज़ों में से कोई एक दस्तावेज दिखाया जा सकता है। नगर निगम के चुनाव पार्टी चिन्ह पर करवाए जा रहे हैं और मुख्य मुकाबला कांग्रेस व भाजपा के बीच माना जा रहा है। 25 नगर परिषदों और 22 नगर पंचायतों के परिणाम मतदान के बाद आज शाम को ही आ जाएंगे। इसके अलावा नगर निगमों के लिए डाले गए वोटों की गिनती 31 मई को होगी।

मंडी–चुनाव

मंडी जिला में आज शहरी निकाय चुनावों के लिए मतदान प्रक्रिया सुबह सात बजे से शुरू हो गई है, जो दोपहर तीन बजे तक चलेगी। चुनाव को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। तेज धूप को देखते हुए बड़ी संख्या में मतदाता सुबह ही मतदान केंद्रों पर पहुंच गए। जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त अपूर्व देवगन के अनुसार जिले में कुल 63 हजार 112 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनके लिए 90 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं।

चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए 538 अधिकारी–कर्मचारी और 180 पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। आज नगर निगम मंडी के 14 वार्डों सहित नगर परिषद सुंदरनगर, जोगिन्द्रनगर, नेरचौक, सरकाघाट तथा नगर पंचायत रिवालसर और करसोग में मतदान हो रहा है। नगर निगम मंडी में सबसे अधिक 42 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। प्रशासन ने सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़–चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

धर्मशाला–चुनाव

नगर निगम धर्मशाला के कुल 17 वार्डों में मतदान के लिए 34 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनमें से 12 मतदान केंद्रों को संवेदनशील तथा 5 मतदान केंद्रों को अति संवेदनशील (हाइपर सेंसिटिव) श्रेणी में रखा गया है। इन मतदान केंद्रों पर कानून–व्यवस्था बनाए रखने तथा चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था एवं विशेष निगरानी की जा रही हैं। एसडीएम मोहित रत्न ने बताया कि नगर निगम धर्मशाला क्षेत्र में कुल पंजीकृत मतदाताओं की संख्या 36 हजार 800 है। इनमें 18 हजार 258 महिला मतदाता तथा 18 हजार 542 पुरुष मतदाता शामिल हैं। मतदान को लेकर लोगों में उत्साह देखा जा रहा है लोग सुबह ही अपने

मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान केदो पर पहुंच रहे हैं। वही पालमपुर नगर निगम के 15 वार्डों के लिए भी मतदान प्रक्रिया जारी है।

सोलन

सोलन नगर निगम के 17 वार्डों के चुनाव के लिए 38 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिसमें दो केवल महिलों के लिए बनाएं गए है। आज सुबह से ही लोग कतारों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई दिए नगर निगम सोलन में कुल 34 हजार एक सौ 47 मतदाताओं में 17 हजार 2 सौ 74 पुरूष तथा 16 हजार 8 सौ 72 महिला मतदाता है जब कि एक ट्रांसजेंडर मतदाता हैं ।

शहरी निकाय चुनावों को लेकर मतदाताओं में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है।

लाहौल–स्पीति डंखर पंचायत

जनजातीय जिला लाहौल–स्पीति की डंखर पंचायत के ग्रामीणों ने आपसी एकता और तालमेल की एक अनूठी मिसाल को पेश किया है। स्पीति के माने योगमा गांव निवासी अशोक के परिवार की तीनों बहुओं को पंचायत चुनाव में सर्वसम्मति से निर्विरोध चुन लिया गया है।

विस्तृत जानकारी के साथ लाहौल–स्पीति जिला संवाददता की ये रिपोर्ट

जानकारी के अनुसार तंजिन छोड़ोन को प्रधान, सोनम छोकित को बीडीसी सदस्य और सोनम आंगमो को उप प्रधान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विशेष बात यह है कि एक ही परिवार की तीनों बहुओं को पंचायत ने अलग–अलग महत्वपूर्ण पदों के लिए विश्वास के साथ चुना है। इस फैसले की पूरे क्षेत्र में चर्चा हो रही है और लोग पंचायत की एकजुटता और परिपक्व सोच की सराहना कर रहे हैं। गांववासियों का कहना है कि आपसी सहमति का बनना गांव की एकता, खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक है। ग्रामीणों का मानना है कि जब समाज मिलकर निर्णय लेता है, तो विकास और सामाजिक सौहार्द की राह और मजबूत होती है।

क्रिकेट

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में आज आर.सी.बी. और पंजाब किंग्स के बीच आई.पी.एल. का एक अहम मुकाबला खेला जाएगा। इस मैच को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह है। ये मैच दोपहर बाद साढ़े 3 बजे शुरू होगा। अंक तालिका में आर.सी.बी. 16 अंकों के साथ शीर्ष पर बनी हुई है। वहीं पंजाब किंग्स 13 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है और प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए उसे ये मैच जीतना ज़रूरी है। धर्मशाला में नगर निगम चुनाव को देखते हुए प्रशासन ने मैच देखने आने वाले क्रिकेट प्रेमियों के वाहनों के लिए वैकल्पिक पार्किंग व्यवस्था की है।